# अध्याय -3 | संधि

## QUIZ-01

1. 'सूर्योदयः' इति पदस्य संधिविच्छेदम् किम् अस्ति?
   A. सूर्य+उदयः
   B. सूर्यो +उदयः
   C. सूर्य+दयः
   D. सूर्योदय+ल्यप् (A)

*व्याख्या :* यहां गुण संधि है। अ/आ के बाद उ/ऊ आने पर दोनों के स्थान पर 'ओ' होता है यही इस संधि का नियम है। यहां सूर्य+उदयः में अ के बाद उ आया है अतः दोनों के स्थान पर एकादेश ओ होगा और सूर्योदयः शब्द बनता है।

2. बुद्धयुपास्यः इत्यस्य विच्छेदं शुद्धं रूपं किम् अस्ति ?
   A. बुधी +उपास्यः
   B. बुधि +उपास्यः
   C. बुद्धी+उपास्यः
   D. बुद्धि+उपास्यः (D)

**व्याख्या** -इक् (इ,उ,ऋ,लृ) के पश्चात स्वर आने पर इक् के स्थान पर यण् (य,व,र,ल) होता है। यह यण् संधि का नियम है।बुद्धयुपास्यः में बुद्धि के 'इ' के उपरांत उपास्यः का 'उ' आ रहा है अतः इ के स्थान पर य होकर बुद्धयुपास्यः रुप बनता है।

3. श्रीशः पदस्य सन्धिविग्रहः कः ?
   A. श्री+शः
   B. श्रि+ईशः
   C. श्री + इशः
   D. श्री +ईशः (D)

**व्याख्या** -यहां दीर्घ संधि का नियम कार्य कर रहा है। अ/आ,इ/ई,उ/ऊ,ऋ के पश्चात् समान स्वर आने पर दोनों के स्थान पर दीर्घ आदेश होता है। श्रीशः में श्री शब्द के उपरांत ईश का ई आ रहा है अतः समान स्वर होने से एक दीर्घादेश हो जाएगा और श्रीशः बनेगा।

4. दैत्यारिः अत्र कः सन्धिः ?
   A. दीर्घः B. गुणः
   C. पररूपः D. यण् (A)

**व्याख्या** - यहां दीर्घ संधि का नियम कार्य कर रहा है। अ/आ,इ/ई,उ/ऊ,ऋ के पश्चात् समान स्वर आने पर दोनों के स्थान पर दीर्घ आदेश होता है। दैत्यारिः में दैत्य शब्द के उपरांत अरि का अ आ रहा है अतः समान स्वर होने से एक दीर्घादेश हो जाएगा और दैत्यारिः बनेगा।

5. ऋण +ऋणम् सन्धिशब्दः कः ?
   A. ऋणार्णम् B. ऋणार्णम्
   C. ऋणार्णाम् D. ऋण ऋणम् (A)

*व्याख्या :* अ/आ के बाद इ/ई,उ/ऊ,ऋ आता है तो गुण संधि होती है यहां अ के बाद ऋ आने पर दोनों के स्थान पर अर् हो जाएगा और ऋणर्णम् रुप बनेगा।

6. भो+अनम् सन्धिशब्दः कः ?
   A. भवनम्
   B. भोनम्
   C. भावनम्
   D. भयनम् (A)

*व्याख्या :* यहां अयादि संधि का नियम कार्य कर रहा है। इस संधि के अनुसार ए,ऐ,ओ,औ के पश्चात कोई भी सवार आने पर क्रमशः अय,आय,अव,आव् आदेश होता है। यहां भो के बाद अनम् का अ आने पर अव आदेश होकर भवनम् रुप बनेगा।

7. कृष्णः+तदा सन्धिशब्दः कः ?
   A. कृष्णतदा
   B. कृष्णस्तदा
   C. कृष्णःतदा
   D. कृष्णोतदा (B)

*व्याख्या :* यहां विसर्ग संधि का नियम कार्य कर रहा है। इस संधि के अनुसार विसर्ग को स् आदेश होता है यदि खर् प्रत्ययाहार बाद में हो। खर् प्रत्ययाहार में ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प,श,स,ष,वर्ण आते हैं। कृष्ण शब्द के बाद विसर्ग आने पर तथा इसके उपरांत खर् प्रत्ययाहार आने पर विसर्ग(:) के स्थान पर सकार आदेश हुआ।

8. छात्रश्छादयति सन्धिशब्दः कः ?
   A. छात्र + छादयति
   B. छात्र+शछादयति
   C. छात्रः+ छादयति
   D. छाः+ त्रछादयति (C)

**व्याख्या** - यहां विसर्ग संधि का नियम कार्य कर रहा है। इस संधि के अनुसार विसर्ग को स् आदेश होता है यदि खर् प्रत्ययाहार बाद में हो।छात्र शब्द के बाद विसर्ग आने पर तथा इसके उपरांत खर् प्रत्ययाहार आने पर विसर्ग(:) के स्थान पर सकार आदेश हुआ। तत्पश्चात स्तोः श्चुना श्चुः सूत्र से स् को श् होकर छात्रश्छादयति रुप बना।

9. धनुष्टंकारः सन्धिशब्दः कः ?
   A. धनुष+टंकारः
   B. धनुष+कारः
   C. धनुष+नकारः
   D. धनुः+टंकारः (D)

*व्याख्या :* यहां विसर्ग संधि का नियम कार्य कर रहा है। इस संधि के अनुसार विसर्ग को स् आदेश होता है यदि खर् प्रत्ययाहार बाद में हो। धनु शब्द के बाद विसर्ग आने पर तथा इसके उपरांत खर् प्रत्ययाहार आने पर विसर्ग(:) के स्थान पर सकार आदेश हुआ। तत्पश्चात ष्टुना ष्टुः सूत्र से स् को ष् होकर धनुष्टंकार रुप बना।

10. बालः+तत्र सन्धिशब्दः कः ?
   A. बालस्तत्र
   B. बालतत्र
   C. बालोतत्र
   D. बालर्तत्र (A)

*Explanation :* यहां विसर्ग संधि का नियम कार्य कर रहा है। इस संधि के अनुसार विसर्ग को स् आदेश होता है यदि खर् प्रत्ययाहार बाद में हो। खर् प्रत्ययाहार में ख,फ,छ,ठ,थ,च,ट,त,क,प,श,स,ष,वर्ण आते हैं। बाल शब्द के बाद विसर्ग आने पर तथा इसके उपरांत खर् प्रत्ययाहार आने पर विसर्ग(:) के स्थान पर सकार आदेश हुआ और बालस्तत्र रुप बना।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें! 100% FREE! Video Courses | Quiz | PDF | Test Series Download Mission Gyan App